शनिवार
33 साल से देहरादून का विश्वास
23 अगस्त 2025
● देहरादून
● वर्ष 33
● अंक 198
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# थराली में बादल फटा

## ●एक लड़की सहित दो लापता



हमारे संवाददाता

चमोली। थराली में देर रात बादल फटने से काफी मलबा आ गया। जिसमें एक लडकी के मलबे में दबने व एक अन्य व्यक्ति के लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस व जिला प्रशासन ने राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया।

उत्तराखण्ड इन दिनों प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहा है। पिछले दिनों पांच अगस्त को उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने से आयी आपदा के चलते कई घरों, होटलों व जनहानि का नुकसान हुआ था। अभी उत्तराखण्ड इस आपदा से पूर्ण रूप से उबर भी नहीं सका कि देर रात चमोली के थराली में एक बार फिर बादल फटने से कोहराम मच गया।

जिसकी जानकारी देते हुए डीसीआर चमोली द्वारा अवगत कराया गया है कि थराली तहसील अन्तर्गत टूनरी गदेरा में बादल फटने की सूचना है। तहसील थराली परिसर व घरों मे काफी मलबा आ गया है। बताया कि तहसील परिसर मे कुछ गाड़िया भी मलबे मे दबी है, सागवाड़ा गावं मे एक 20 वर्षीय युवती सहित दो लोग लापता बताये जा रहे है। थराली बाजार, कोटदीप तहसील थराली परिसर मे काफी मलबा आ गया है। थराली ग्वालदम मार्ग मिंग्गदेरा मे बंद है। थराली सागवाड़ा मार्ग भी बंद हो चुका है। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर राहत व बचाव दल मौके पर पहुंच चुका है तथा रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है।


# 18 करोड की ठगी का शिकार चला आत्महत्या की राह पर!

संवाददाता

देहरादून। प्रापर्टी खरीदने के नाम पर 18 करोड रूपये की ठगी का शिकार हुआ एक और युवक एक बार फिर आत्महत्या की राह पर चल पडा है। वायरल वीडियों में उसने स्पष्ट किया कि अगर उसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं होता तो उसको भी आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पडेगा। हालांकि मामले में एसएसपी का कहना है कि इस प्रकरण की पूर्व में जांच करायी गयी थी जिसकी अब दोबारा जांच करायी जा रही है।

आज यहां सोशल मीडिया में एक वीडियों वायरल हुआ। वीडियों में दिखने वाले युवक ने अपना नाम विक्रम सिंह राणा पुत्र धनसिंह राणा बताया है। उक्त युवक पूर्व मुख्यमंत्री का भांजा बताया जा रहा है। उसने कहा है कि उसके साथ राजकुमार यादव नामक एक व्यक्ति सहित एक कम्पनी के लोगों ने पुरूकल में जमीन दिलाने के नाम पर 18 करोड रूपये लिये थे। जिसके बाद न तो उसको जमीन ही दी और न ही उसके रूपये वापस किये गये है।

उसने इस मामले में एसएसपी अजय सिंह को भी एक प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन



उस पर पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। युवक को कहना था कि उसने पुलिस को सभी दस्तावेज दिये लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही न होने से वह मानसिक व आर्थिक रूप से कमजोर हो गया है। वीडियों में विक्रम सिंह राणा ने स्पष्ट कहा है कि अगर इस प्रदेश में आत्महत्या के बाद ही अगर मुकदमा दर्ज होता है और पैसे वापस मिलते हैं तो उसके पास भी आत्महत्या करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है। अगर अब विक्रम सिंह राणा आत्महत्या करता है तो यह इस प्रदेश को दूसरा मामला बन जायेगा जिसमें रूपयों की ठगी के बाद कोई आत्महत्या करेंगा। इससे पहले जितेन्द्र कुमार ने इसी तरह अपने आपको गोली मारकर आत्महत्या की थी। इस मामले को पुलिस प्रशासन द्वारा गम्भीरता से लेते हुए कार्यवाही करनी चाहिए।

वहीं इस बारे में एसएसपी अजय सिंह से बात की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा मामले की जांच सीओ मसूरी से करायी गयी थी। लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आये। इसके बाद भी मामले की जांच एसपी सिटी को सौंप दी गयी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पर उपदेश कुशल बहुतेरे

कहा जाता है कि झूठ के पांव नहीं होते। कोई भी व्यक्ति चाहे वह झूठ बोलने में कितना भी माहिर क्यों न हो बहुत अधिक समय तक सच के सामने टिक नहीं सकता है। बीते कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के गया जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान हर एक जनप्रतिनिधि से ईमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद करता है हम संविधान की मर्यादा को तार-तार होते नहीं देख सकते। यह बात उन्होंने अभी संसद में सरकार द्वारा लाये गए उसे विधेयक के संदर्भ में कही गई जिसमें मुख्य मंत्रियों से लेकर पीएम तक को भ्रष्टाचार के किसी भी मामले में 30 दिन से अधिक जेल में रहने पर उसकी कुर्सी स्वत: चले जाने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी इस बयान को देते वक्त शायद यह भूल गए होंगे कि एक दिन उन्होंने ही देश की सत्ता संभालते हुए यह भी कहा था कि न खाऊंगा न खाने दूंगा न सोऊंगा न सोने दूंगा। क्या प्रधानमंत्री देश की उस जनता को बता पा रहे है कि उनकी सरकार द्वारा बनाए गए चुनावी बांड कानून को क्यों देश की सबसे बड़ी अदालत ने असंवैधानिक बताते हुए उसे रद्द कर दिया गया? और भाजपा ने इस चुनावी बांड के जरिए देश के उद्यमियों और उद्योगपतियों को ईडी का डर दिखाकर कितनी धन वसूली की गई? क्या वह देश को यह बता पाएंगे कि उनके द्वारा कोरोना काल में पीएमओ के पते पर जो कोरोना पीड़ितों की मदद के लिए पीएम केयर फंड बनाया गया था क्या वह सरकारी फंड था तथा इस फंड में जो लाखों करोड़ लोगों ने दान दिया था वह कहां गया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किस पारदर्शिता की बात लोगों को समझा रहे हैं। अगर वह खुद इतने ही पारदर्शी है तो उन्हें इस फंड का हिसाब किसी को न दिए जाने का कानून क्यों बनाने की जरूरत पड़ी थी। मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों को जेल भिजवाने और पद से हटाने का कानून बनाने वाले प्रधानमंत्री यह बता सकते हैं कि उन्हें जेल भिजवाने या पद से हटाने की शक्ति क्या किसी संस्था और व्यक्ति में निहित है? अगर ऐसा हो सकता होता तो इस कानून के दायरे में प्रधानमंत्री को लाया ही नहीं जाता। यह कानून सिर्फ इसलिए लाया जा रहा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल जिन्हे उनकी सरकार ने झूठे आरोपों में कई कई महीने तक जेल में कैद रखा वह बाहर कैसे आ गए और कैसे वह जेल से ही सत्ता को चलाते रहे? अभी बीते दिनों दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस वर्मा के घर में हुई आगजनी में जो करोड़ों रुपए की नगदी जल गई थी वह किसकी थी? क्या प्रधानमंत्री मोदी इसका सच देश की जनता को बता पाएंगे या फिर वह सेवी के अध्यक्ष जिनके ऊपर आर्थिक अनियमितताओं के आरोप लगे थे उनको क्या सजा दी गई बीते 11 सालों में प्रधानमंत्री बहुत कुछ कह चुके हैं इतना कुछ कह चुके हैं कि अब उनकी किसी भी बात पर न तो देश की जनता का कोई भरोसा रह गया है और न ही उनकी पार्टी के लोगों को। अब उनका कुछ भी कहना अपना असर नहीं डाल पाएगा। वह चाहे जितना भी कह लें। भले ही उनकी यह चाहत रही हो कि वह इस अंध विश्वासी देश के लोगों के भगवान बन सकते हैं और लोग उनकी पूजा करने लगेंगे लेकिन उनका सच अब देश के लोगों के सामने आ चुका है।

## राष्ट्रीय लोक दल ने सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय लोकदल ने महिला सशक्तिकरण के लिए सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया।



आज यहां राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) उत्तराखंड की प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, कमलप्रीत अरोड़ा, और महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश मीडिया प्रभारी, मंजू जैन, ने आज जैन धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य महिलाओं को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराना और उन्हें संगठन से जोड़कर सशक्त बनाना था। बैठक में कमलप्रीत अरोड़ा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा से ही महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि किस तरह महिलाएं संगठन के साथ मिलकर न केवल अपनी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं, बल्कि समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर, जैन समाज में कई महिलाओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने मिलकर चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने और समाज में भाईचारा व समानता स्थापित करने का संकल्प लिया। मंजू जैन ने इस अभियान की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह बैठक दर्शाती है कि महिलाएं अब राजनीतिक रूप से जागरूक हो रही हैं और अपने भविष्य के लिए स्वयं निर्णय ले रही हैं। यह सदस्यता अभियान राष्ट्रीय लोकदल की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत पार्टी जमीनी स्तर पर महिलाओं को संगठित कर उन्हें राजनीतिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाना चाहती है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस विधायकों का पुतला

संवाददाता

देहरादून। भाजपा महानगर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस विधायकों को पुतला दहन किया।




आज भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून द्वारा कांग्रेस के विधायकों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के विरोध में लैंसडाउन चौक पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की अध्यक्षता में पुतला दहन किया गया।

अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने जनता की आवाज को विधान सभा में दबाने का प्रयास किया है। जनहित से जुड़े प्रश्नों को उठाने की बजाय वे लगातार सदन की कार्यवाही को बाधित किया हैं। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि जनता के विश्वास के साथ भी विश्वासघात है। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि विधान सभा जनता की समस्याओं को सुलझाने का मंच है, न कि राजनीतिक नाटक करने का अड्डा। भारतीय जनता पार्टी महानगर स्पष्ट करती है कि जनता से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा जनहित के हर प्रश्न को मजबूती से उठाती रहेगी और जनता की आवाज को हर मंच पर गूंजायमान करेगी। हम कांग्रेस के विधायकों से कहना चाहते हैं कि वे अपने असंवैधानिक आचरण से बाज आएं और भविष्य में सदन को सुचारु रूप से चलने दें, ताकि जनता की समस्याओं का समाधान समय पर हो सके। भाजपा जनता के साथ थी, है और हमेशा खड़ी रहेगी।

कार्यक्रम में राजपुर विधानसभा के विधायक खजान दास, कैंट विधायक श्रीमती सविता कपूर, राज्य मंत्री ज्योति गैरोला, श्याम अग्रवाल, पुनीत मित्तल, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, अशोक वर्मा, ष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र ढिल्लो, सुरेंद्र राणा, विजेंद्र थपलियाल, सुनील शर्मा, संदीप मुखर्जी, विपिन खंडूरी, उमा नरेश तिवारी, प्रदीप कुमार, अक्षत जैन, संकेत नौटियाल, रतन सिंह चौहान, विनोद शर्मा, मण्डल अध्यक्ष राहुल लारा, सुमित पाण्डेय, प्रदीप रावत, सुषमा कुकरेती, प्रकाश बडोनी, आशीष शर्मा, राहुल चौहान अर्चना बागड़ी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, राजकुमार पुरोहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी के वाहन के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

मुनिकी रेती। पुलिस ने चोरी के वाहन के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मुनिकीरेती पर अरूण धीमान पुत्र देवेन्द्र धीमान निवासी शिवाजीनगर थाना ऋषिकेश देहरादून द्वारा खाराস্রোत ठेके के पास से मोटर साइकिल चोरी करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक टिहरी, क्षेत्राधिकारी नरेन्द्रनगर के पर्यवेक्षण में उक्त धटना के खुलासे हेतु प्रभारी निरीक्षक मुनिकीरेती के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा धटनास्थल और आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति प्रकाश में आया। उक्त संदिग्ध व्यक्ति के सम्बन्ध में गहन पतारसी सुरागरसी करते हुये मुकुल पुत्र नौबहार निवासी ग्राम शाहपुर रतन थाना किरतपुर जिला बिजनौर हाल निवासी गुर्जर प्लांट गुमानीवाला श्यामपुर ऋषिकेश को थाना मुनिकीरेती क्षेत्र से चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। मुकुल उपरोक्त शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके विरूद्व जनपद बिजनौर, मुरादाबाद में चोरी व अन्य धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत है। मुकुल थाना ऋषिकेश क्षेत्र में मोटर साइकिल मिस्त्री का काम करता था। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# सीडीओ पहुंचे सामुदायिक पुस्तकालय, विद्यार्थियों से किया संवाद

संवाददाता

मुनस्यारी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने सामुदायिक पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहां पर अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया।



आज यहां मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर दीपक सैनी ने सामुदायिक पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ सूक्ष्म संवाद भी किया। कहा कि इस पुस्तकालय को संसाधन नियुक्त बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी का सामुदायिक पुस्तकालय में अध्ययन विद्यार्थियों ने स्वागत किया। पुस्तकालय प्रभारी हिमांशी ने पुस्तकालय के संदर्भ में डॉक्टर सैनी को जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता पाई जा सकती है। कहा कि जीवन में अनुशासन और एक नियमित दिनचर्या का होना आवश्यक है। कहा कि विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए भी लगातार प्रयास करना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सामुदायिक पुस्तकालय की अवधारणा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के पुस्तकालयों में अन्य संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला विकास विभाग प्रयास करेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सामुदायिक पुस्तकालय द्वारा जारी नवाचार के फोल्डर को भी देखा। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय नहीं शिक्षा, संस्कार और रोजगार के लिए नवाचार का एक केंद्र है। कहा कि इस अवधारणा को और अधिक विकसित किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने सामुदायिक पुस्तकालयों द्वारा किए जाने वाली गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए इसकी प्रशंसा की। सामुदायिक पुस्तकालय के संस्थापक तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने मुख्य विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया। बताया कि इस तरह की 10 पुस्तकालय मुनस्यारी तथा धारचूला विकासखंड में प्रस्तावित है। खंड विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद भी उपस्थित रहे।



## डॉ. पवन शर्मा को प्रसार भारती ने प्रशंसा-पत्र प्रदान किया

संवाददाता

देहरादून। समाजसेवी व मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा को प्रसार भारती द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।

आज यहां मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय और सराहनीय योगदान देने के लिए प्रसार भारती द्वारा देहरादून केंद्र में, उत्तराखण्ड के जाने माने समाजसेवी मनोवैज्ञानिक डॉ. पवन शर्मा (द साइकेडेलिक) को प्रशंसा पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। डॉ. पवन शर्मा (द साइकेडेलिक) मानसिक स्वास्थ्य की जागरूकता और बचाव के लिए अपने अनूठे और समर्पित प्रयासों के लिए जाने जाते हैं और इस प्रयास में उनके द्वारा स्थापित सामाजिक संस्था फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसाइटी के माध्यम से निशुल्क परामर्श, थेरेपी, कार्यशाला, प्रशिक्षण और जागरुकता कार्यक्रम निशुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं, जिनके द्वारा हजारों लोगों को लाभ प्राप्त हुआ है। इस तरह के कार्यक्रमों द्वारा समाज में अपने अनुकरणीय योगदान के लिए डॉ. पवन शर्मा को यह प्रशंसा पत्र दूरदर्शन केंद्र देहरादून के कार्यक्रम प्रमुख, सहायक निदेशक (कार्यक्रम) अनिल भारती द्वारा प्रदान किया गया और सुनील कुमार, पवन गोयल व अन्य कर्मियों ने डॉ. पवन शर्मा और उनकी टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं दी और हौसला अफजाई की।

## एसएसपी ने किया पुलिस लाईन में स्मार्ट बैरक का उद्घाटन

संवाददाता




टिहरी। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने पुलिस लाईन चंबा में बने आधुनिक तर्ज पर बनी बैरक का उद्घाटन किया।

आज पुलिस लाईन चंबा में आयुष अग्रवाल, एसएसपी टिहरी द्वारा रिबन काटकर आधुनिक तर्ज पर बनी बैरक का उद्घघाटन किया गया। यह बैरक लगभग 20 पुलिस कर्मियों के लिये बनाई गयी है। कर्मचारियों की सुविधा के लिये बनी इस बैरक की काफी समय से मांग थी। जो कि एसएसपी आयुष अग्रवाल, के त्वरित प्रयासों के परिणाम स्वरुप उक्त बैरक का नवीनीकरण किया गया है। पुलिस लाईन चंबा में बनी इस बैरक के उद्घघाटन के दौरान जेआर जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती ओशिन जोशी, क्षेत्राधिकारी टिहरी, अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक चंबा, एवं पुलिस लाईन में नियुक्त सभी कार्मिक मौजूद रहे।

## शौक के लिए रखता था तमंचा, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। शौक के लिए तमंचा रखना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसे तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात थाना खानपुर क्षेत्रांर्तगत चौकी गोवर्धनपुर द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति जिसके पास अवैध शस्त्र है व वह राणा फैक्ट्री गोवर्धपुर क्षेत्रान्तर्गत घूम रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर जाकर उस व्यक्ति को दबोच लिया गया। जिसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम समीर उर्फ आशु पुत्र रहीश निवासी ग्राम लक्सरी कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। बताया कि साहब तमंचे को मै अपने शौक के लिए रखता हूं। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# क्या भ्रष्टाचार मानव डीएनए में है?

"भारत में बहुत भ्रष्टाचार है" यह भावना अक्सर भारतीयों द्वारा व्यक्त की जाती है। आमतौर पर यह आलोचना राज्य तंत्र और उसे चलाने वाले अधिकारियों पर केंद्रित होती है, चाहे वे उच्चतम पदों पर हों या grassroot स्तर पर। सार्वजनिक चर्चा में भ्रष्ट राजनीतिज्ञों, असक्षम नेतृत्व और यहां तक कि न्यायपालिका की अखंडता पर भी सवाल उठाए जाते हैं।

लेकिन क्या भ्रष्टाचार केवल भारत तक सीमित है, या यह एक वैश्विक समस्या है? देखा गया है कि कई विकसित देशों में निचले स्तर के प्रशासनिक और न्यायिक कार्य कम भ्रष्ट पाए जाते हैं, खासकर जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, पासपोर्ट या व्यवसाय के लिए परमिट जैसी सामान्य प्रक्रियाओं में। भारत में, हालांकि, यह सुनने में आता है कि लगभग सभी प्रकार के प्रमाणपत्र और परमिट अवैध भुगतान के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं, कभी-कभी उन लोगों द्वारा भी जिन्होंने देश में कानूनी या अवैध तरीके से प्रवेश किया है। कानून और प्रवर्तन एजेंसियों के बावजूद भ्रष्टाचार बना रहता है, और इसे केवल अधिकारियों पर छोड़ने से समाधान नहीं होगा; नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

हम अक्सर भ्रष्टाचार को केवल राज्य के संदर्भ में देखते हैं और अपनी भूमिका पर ध्यान नहीं देते। हम शायद ही कभी समाज और राज्य के साथ अपने दैनिक संबंधों में किए जाने वाले अनैतिक समझौते पर विचार करते हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से देखा जाए तो भ्रष्टाचार केवल संरचनात्मक समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक नियमों, अपेक्षाओं और रोजमर्रा की आदतों में गहराई से निहित है।



●देवेन्द्र कुमार बुडाकोटी

भ्रष्टाचार अपराध से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। इसे आमतौर पर सत्ता के दुरुपयोग के रूप में देखा जाता है, जिसमें रिश्वत, धन की हेरफेर और धोखाधड़ी शामिल है, और अक्सर सफेदपोश अपराधों को कम गंभीर माना जाता है। फिर भी, संगठित अपराध नेटवर्क भ्रष्टाचार का उपयोग राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक प्रणालियों में घुसपैठ करने और संसाधनों को महत्वपूर्ण क्षेत्रों से divert करने के लिए करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, भ्रष्टाचार मानव और मादक पदार्थ तस्करी को संभव बनाता है, जिसमें अक्सर राज्य अधिकारियों की संलिप्तता शामिल होती है।

भ्रष्टाचार क्यों कायम रहता है, इसे समझने के लिए हम राजनीतिक दर्शन की ओर देख सकते हैं, विशेष रूप से सामाजिक अनुबंध के विचारकों-होब्स, लॉक और रूसो की। होब्स ने लीविथान में 'प्राकृतिक अवस्था' का वर्णन किया, जहां राज्य नियंत्रण के बिना जीवन "एकाकी, गरीब, घटिया, क्रूर और छोटा" होता है, और संघर्ष की स्थिति रहती है। उनका मानना था कि मनुष्य भौतिकवादी, स्वार्थी, सत्ता-साधक और भयभीत होता है। आधुनिक लोकतांत्रिक समाजों में भी ये प्रवृत्तियाँ बनी हुई हैं। मजबूत संस्थाओं के बावजूद, मानव व्यवहार में ईर्ष्या, लालच, स्वार्थ और सत्ता की इच्छा देखी जाती है। इसलिए भ्रष्टाचार केवल प्रणालीगत समस्या नहीं, बल्कि मानव स्वभाव का प्रतिबिंब भी हो सकता है।

समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से, भ्रष्टाचार को हल करने के लिए संरचनात्मक और व्यक्तिगत दोनों पहलुओं को समझना आवश्यक है। भ्रष्टाचार वहां फलता-फूलता है जहां संस्थाएं कमजोर हों और जहां सामाजिक नियम अनैतिक व्यवहार को सहन करते हों। रोजमर्रा के छोटे-छोटे समझौते-परमिट के लिए रिश्वत देना, नियमों में ढील देना या अन्याय की अनदेखी करना-भ्रष्टाचार की संस्कृति को बनाए रखते हैं।

जब तक हम इस द्वैध प्रकृति को स्वीकार नहीं करते, हमारी प्रणाली की आलोचना अधूरी ही रहेगी। भ्रष्टाचार केवल कानून, संस्थाओं या नीतियों में नहीं है, बल्कि यह उन दृष्टिकोणों और व्यवहारों में भी निहित है जो समाज को आकार देते हैं। मानव स्वभाव और संरचनात्मक प्रोत्साहनों के बीच इस अंतर संबंध को समझना आवश्यक है, ताकि हम केवल आलोचना तक सीमित न रहें और वास्तविक सुधार की दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसलिए अगली बार जब हम भ्रष्टाचार के बारे में सोचें, बात करें और उसे सहन करें, तो प्रासंगिक सार्वजनिक नीतियों की अनुपस्थिति और सुशासन की कमी के बारे में सोचें, अन्यथा हम हमेशा स्वस्थ धनी और बुद्धिमान लोगों को अंधेरे में चोरी करते हुए देखेंगे और सुनेंगे।

*(देवेन्द्र कुमार बुडाकोटी एक समाजशास्त्री हैं, वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं और उनके शोध कार्य का उल्लेख नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन की पुस्तकों में भी हुआ है।)*

## अभिविन्यास कार्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

संवाददाता

देहरादून। सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कालेज साहिया में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज यहां सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज, साहिया में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विषयाध्यापकों, नयी शिक्षा नीति-2020 आधारित पाठ्यक्रम और महाविद्यालय की शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मंत्रोच्चारण से हुआ। नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने आत्म-परिचय दिया, वहीं विभिन्न विषयाध्यापकों ने अपने विषय संबंधी जानकारी साझा की। इस अवसर पर एनईपी-2020 के प्रावधानों एवं महाविद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उप-प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल ने परीक्षा



प्रणाली से संबंधित जानकारी साझा की और छात्रों को गंभीरता व सजगता के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने महाविद्यालय के उद्देश्य, लक्ष्य और अनुशासन पर अपने विचार रखते हुए छात्र-छात्राओं को अनुशासित व लक्ष्याभिमुख बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय क्षेत्र के अन्य महाविद्यालयों की तुलना में अधिक विषयों की सुविधा प्रदान करता है। वर्तमान में यहाँ 12 विषय संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्रों को प्रवेश के समय अधिक विकल्प प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में ऐसे विषय भी उपलब्ध हैं, जो त्यूनी, चकराता और डाकपत्थर तक के किसी भी महाविद्यालय में संचालित नहीं हैं। साथ ही, महाविद्यालय में सभी विषयों के लिए अनुभवी शिक्षक कार्यरत हैं, जो विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक आशा सिंह सहित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. शशिकला, डॉ. चंद्रिका, डॉ. रेनू देवी, रेखा, पूजा पांडेय, वरुण प्रसाद सेमवाल, रिंकूदास भारती एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं में सुजल, शिवानी, श्यामा, शिवानी रावत, साक्षी, पंकज, मनीष, मीरा, मोनिका, ममता, नन्दनी, सारिका, सपना, कुशल शर्मा एवं प्रिया नेगी आदि की उपस्थिति रही।

# नारियल पानी का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए बन सकता है मुसीबत

नारियल पानी के सेवन से मिलने वाले अनगिनत स्वास्थ्य लाभों के कारण इसे जादुई पेय या प्रकृति का पेय भी कहा जाता है। हालांकि, इसके कुछ नुकसान आपको इसके सेवन पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर सकते हैं। नारियल पानी के अधिक सेवन से ब्लड प्रेशर प्रभावित होने और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलित होने सहित कई तरह के नुकसान पहुंच सकते हैं। आइए जानते हैं कि नारियल पानी के अधिक सेवन से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं।

मधुमेह होने का रहता है खतरा

नारियल पानी में कैलोरी की मात्रा मौजूद होती है। ऐसे में अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो इससे ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है और इंसुलिन में भी बदलाव आ सकता है। इंसुलिन में बदलाव आने से मधुमेह का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में मधुमेह रोगियों को डॉक्टर की सलाह के बाद ही नारियल पानी पीना चाहिए और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रोजाना एक नारियल का पानी पीना ही काफी होता है।



इलेक्ट्रोलाइट हो सकते हैं असंतुलित

नारियल पानी में मौजूद उच्च पोटेशियम के कारण यह एक अद्भुत पेय है, लेकिन यही कारण अधिक मात्रा में सेवन करने पर नारियल पानी को घातक भी बना सकता है। दरअसल, नारियल पानी के अधिक सेवन से इलेक्ट्रोलाइट्स के असंतुलित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। बता दें कि शरीर हमारे द्वारा खाए जाने वाले खाने और पानी से इलेक्ट्रोलाइट्स बनाता है। ये इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में फैलकर शारीरिक कार्यों में ऊर्जा देते हैं।

पेट से जुड़ी समस्याएं

नारियल पानी का अधिक सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे गैस, उल्टी समेत पेट में दर्द जैसी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस वजह से यह जरूरी है कि आप नारियल पानी का सीमित मात्रा में सेवन करें। बेहतर होगा कि आप हर दिन अपने नारियल पानी के सेवन पर ध्यान दें, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा।

अधिक मात्रा में नारियल पानी पीने से वजन बढ़ने की संभावना भी बढ़ सकती है और इसकी मुख्य वजह इसमें मौजूद हाई कैलोरी है। बढ़ता वजन एक गंभीर समस्या हैं, जिसके कारण शरीर कई बीमारियों का घर बना सकता है। वैसे कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं के कारण भी लोगों का वजन बढ़ने लगता है, इसलिए बढ़ते वजन की असल वजह जानने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।

ब्लड प्रेशर में ला सकता है गिरावट

नारियल पानी के अधिक सेवन से ब्लड प्रेशर भी प्रभावित हो सकता है। इससे ब्लड प्रेशर के कम होने की संभावना बढ़ सकती है। बता दें कि अगर किसी व्यक्ति का ब्लड प्रेशर सामान्य (120/80 एमएमएचजी) से कम हो तो उसे लो ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। इसके कारण बार-बार चक्कर आना या अचानक धुंधला दिखना देना आदि लक्षण सामने आ सकते हैं।

# ग्लैरमस फोटोज से अनुष्का सेन ने लगाई इंटरनेट पर आग

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन इन दिनों तनजानिया में अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी शानदार फोटोज शेयर की हैं, जो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रही हैं। 22 साल की अनुष्का इन फोटोज में बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। वह समंदर किनारे मल्टीकलर मोनोकनी पहनकर स्टनिंग पोज देती हुई दिखाई दीं।

रेत पर लेटकर एक्ट्रेस ने कैंडिड पोज भी दिए, जिनमें उनका खूबसूरत लुक देखने को मिला। नो मेकअप लुक में बिखरे बालों के साथ अनुष्का ने अपने फोटोज से सोशल मीडिया पर आग लगा दी है। उनका ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, और कई यूजर्स उनका ये लुक देखकर हैरान हैं। फैंस का कहना है कि अनुष्का ने अपने हॉट और किलर लुक से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। अनुष्का का ये नया ग्लैमरस लुक उनके फैंस के दिलों में धड़कन बढ़ा रहा है। आपको बता दें कि अनुष्का सेन अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती है, जो इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वारयल हो जाती है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# स्यानाचट्टी में बनी कृत्रिम झील को खोलने की तैयारी



संवाददाता

देहरादून। स्यानाचट्टी में बनी कृत्रिम झील को खोलने का प्रयास निरन्तर जारी है। झील के एक हिस्से को खोलने के लिए पीडब्ल्यूडी, एसडीआरएफ, सिंचाई विभाग और अन्य सम्बंधित एजेंसियां जुटी हैं। पिछले एक घंटे में झील के जलस्तर में लगभग 2 फूट तक कमी आई है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को स्यानाचट्टी चट्टी में बनी झील से जल निकासी हेतु जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चौनेलाइजेशन करने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तथा सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने सुरक्षित स्थानों में ठहराए गए लोगों के साथ ही स्यानाचट्टी के निवासियों के लिए भोजन, रसोई गैस, दवाइयों के साथ ही पेट्रोल व डीजल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि वर्तमान में नदी के एक हिस्से से पानी की निकासी हो रही है। दलदल होने के कारण चौनेलाइजेशन करना अभी संभव नहीं हो पाया है। राहत और बचाव दलों द्वारा अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से धैर्य बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरफ, फायर तथा सिंचाई विभाग की टीम राफ्ट के जरिए ग्राउंड जीरो पर पहुंच गई हैं। वहीं, यमुना वैली के स्यानाचट्टी में मलबा आने से निर्मित झील को जल्द से जल्द खोलने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन, पीडबल्यूडी की टीमें मौके पर हैं। पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

यमुनोत्री के विधायक संजय डोभाल तथा उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं मौके पर मौजूद हैं। स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम में भी ग्राउंड जीरो पर मुस्तैद हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्यानाचट्टी के लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। जल्द ही झील के पानी की निकासी कर दी जाएगी। प्रशासन द्वारा लोगों के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

# पंजाबी कॉमेडियन जसविंदर भल्ला का निधन

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली । पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आ रही है। कई बड़ी पंजाबी फिल्मों का हिस्सा रहे एक्टर-कॉमेडियन जसविंदर भल्ला का 65 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे अपनी कॉमिक टाइमिंग और खास स्टाइल के लिए काफी मशहूर थे और दुनियाभर के फैंस की पसंद थे। एक्टर ने अपने 27 साल के करियर में कई पंजाबी फिल्मों में काम किया।



कॉमेडियन बीमार थे और मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में एडमिट था। यहां इलाज के दौरान 65 वर्षीय कॉमेडियन ने अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद से उनके घर के बाहर सितारों और प्रशंसकों की भीड़ लगी हुई है। फैंस इस मौके पर काफी इमोशनल हैं और अपने फेवरेट कॉमेडियन का अंतिम दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। जसविंदर भल्ला का जन्म 4 मई 1960 को लुधियाना में हुआ था। उनके पिता प्राइमरी स्कूल के टीचर थे। साल 1988 में छन्नकटा 88 से उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी और साल 1998 में 10 साल के बाद दुल्ला भाटी फिल्म से उन्होंने अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। इसके बाद वे 1999 में फिल्म माहौल ठीक है में इंस्पेक्टर जसविंदर भल्ला के रोल में नजर आए थे फिर उन्होंने सरदार जी, जिन्ने मेरा दिल लुटिया, जट एंड जूलियट, पावर कट, कैरी ऑन जट्टा, सरदार जी, मुंडे कमाल दे, किटी पार्टी और कैरी ऑन जट्टा 3 जैसी फिल्में की हैं। वे दिलजीत दोसांझ जैसे बड़े स्टार्स के साथ भी कई बड़ी फिल्मों में नजर आए हैं।

## शब्द सामर्थ्य -58


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# वृंदा के किरदार में दिखीं तनीषा मेहता

अभिनेत्री तनीषा मेहता, क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीजन 2 में वृंदा का किरदार निभा रही हैं, अभिनेत्री ने शो से जुड़ने और अपनी जिंदगी में तुलसी से जुड़ाव की कहानी सुनाई। अभिनेत्री ने कहा, यह सच में एक सपने को सच करने जैसा लगता है, इतनी प्रसिद्ध टीवी सीरीज में मुख्य किरदार की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं यह शो देखकर बड़ी हुई हूं, जो लोग आपकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन जाते हैं वो खास यादें बन जाते हैं। अब इस कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए एक खास है। उन्होंने आगे कहा, मैं अपने किरदार को बखूबी से निभाने के लिए पूरी ताकत लगा रही हूं। मुझे बस दर्शकों से यही उम्मीद है कि वह मुझे भी उतना ही प्यार दें, जितना उन्होंने हमेशा से इस शो को दिया है। जब मैं इसके बारे में सोचती हूं, तो मेरी रूह कांप जाती है। मैं इस मौके के लिए एकता कपूर मैम की आभारी हूं।

तुलसी के पौधे के बारे में बात करते हुए तनीषा ने कहा, तुलसी एक ऐसा पौधा है जिसका हमारे यहां बहुत गहरा सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। माना जाता है कि यह घर को बुरी नजर और नकारात्मकता से बचाती है। साथ ही घर में खुशियां और शांति लाती है। तुलसी भक्ति का प्रतीक है और हमें हमारे आध्यात्मिक मूल्यों और परंपराओं की याद दिलाती है। उन्होंने आगे कहा, और यह उन पौधों में से एक है जिसे मैंने अपने घर में लगाया जब मैं वहां रहने आई। अभिनेत्री ने बताया कि वह अब बहुत धार्मिक हो गई हैं। उन्होंने कहा, बहुत लोगों को ये नहीं पता, लेकिन कई सालों से मैं धर्मपरायण बन गई हूं। मैं इस बारे में ज्यादा बात नहीं करती, लेकिन मेरे अपने विश्वास और तरीके हैं। अपने मॉर्निंग रूटीन के बारे में अभिनेत्री ने बताया, मैं बहुत समय से ये रूटीन फॉलो कर रही हूं। हर सोमवार सुबह, मैं अपने बिल्डिंग के ठीक नीचे वाले मंदिर जाती हूं। वहां मैं महादेव का अभिषेक करती हूं। हर सुबह मैं सूर्य देवता को जल (पानी) अर्पित करती हूं, और साथ ही तुलसी के पौधे को भी। वर्कफ्रंट की बात करें तो तनीषा मेहता शुभ लाभ आपके घर में (2021), लग जा गले (2023), और इक कुड़ी पंजाब दी (2023) जैसे टीवी सीरियल में देखी जा चुकी हैं।

# फिल्म लव इन वियतनाम की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर की फिल्म लव इन वियतनाम की पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है। वियतनाम की जानी-मानी अभिनेत्री खा नगन भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म को भारत और वियतनाम के सहयोग से बनाया गया है। यह पहला मौका है, जब इन दोनों देश के मनोरंजन जगत ने एक फीचर फिल्म का निर्माण किया है। अब लव इन वियतनाम की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। लव इन वियतनाम 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी कहानी किताब मैडोना इन ए फर कोट पर आधारित है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान राहत शाह काजमी ने संभाली है। फिल्म में राज बब्बर, गुलशन ग्रोवर और फरीदा जलाल जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। लव इन वियतनाम का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें अवनीत, शांतनु और नगन की झलक दिख रही है। इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग वियतनाम में ही हुई है।

# 17 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म तेलुसु काडा

स्टार बॉय सिद्दू जोन्नालगड्डा की रोमांटिक ड्रामा तेलुसु कड़ा लोकप्रिय स्टाइलिस्ट नीरजा कोना के निर्देशन में बनी उनकी पहली निर्देशित फ़िल्म है, और पीपल मीडिया फ़ैक्ट्री बैनर तले टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित, सिनेमाघरों में रिलीज़ के लिए तैयार है। थमन एस ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है, और निर्माताओं ने पहले सिंगल मल्लिका गंधा के अनावरण के साथ संगीत प्रचार शुरू कर दिया है। मल्लिका गंधा सिर्फ़ एक रोमांटिक ट्रैक नहीं है। यह एक ऐसा अनुभव है जहाँ धुन, दृश्य और भावनाएँ सहजता से घुल-मिल जाती हैं। थमन एस की रचना उत्कृष्ट है, जिसमें तानपुरा और बाँसुरी जैसे पारंपरिक भारतीय वाद्यों को आधुनिक ध्वनि परिदृश्य में पिरोया गया है। संगीत प्रेम की भावनाओं की तरह उठता-गिरता है, जो एक शक्तिशाली और मार्मिक शिखर तक ले जाता है। सिड श्रीराम की आवाज़ें संवेदनशीलता और तीव्रता के अपने विशिष्ट मिश्रण से ट्रैक को ऊँचा उठाती हैं, और गीत की सूक्ष्म भावनाओं को बखूबी पकड़ती हैं। वह सहजता से धुन को आगे बढ़ाते हैं, उनके भाव जुनून और कोमलता के हर अंश को व्यक्त करते हैं। निर्देशक नीरजा कोना और छायाकार ज्ञान शेखर वी.एस. ने गर्मजोशी, आत्मीयता और सिनेमाई शान से भरी एक रोमांटिक दुनिया रची है। धुंधले सपनों जैसे दृश्यों से लेकर जीवंत नृत्य दृश्यों तक, हर पल उद्देश्यपूर्ण और काव्यात्मक लगता है। इस गाने की असली पहचान सिद्दू जोन्नालगड्डा और राशि खन्ना के बीच की केमिस्ट्री है। उनकी सहज सहजता और भावनात्मक जुड़ाव स्क्रीन पर हर रोमांटिक बीट को प्रामाणिकता प्रदान करते हुए, उसे रोशन करता है। चाहे कोमल, अंतरंग दृश्य हों या चंचल नृत्य के क्षण, उनका अभिनय गीत और धुन में जान डाल देता है। मल्लिका गंधा प्रेम और संगीत के एक भावपूर्ण उत्सव के रूप में उभर कर सामने आती हैं, जिसे देखा और महसूस किया जा सकता है। श्रीनिधि शेट्टी इस फिल्म में दूसरी मुख्य अभिनेत्री हैं, और विवा हर्ष भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। अविनाश कोल्ला प्रोडक्शन डिज़ाइनर हैं और शीतल शर्मा कॉस्ट्यूम्स की प्रभारी हैं। तेलुसु काडा 17 अक्टूबर को दिवाली त्योहार के दौरान रिलीज होने वाली है।

# सेल्फकेयर सिर्फ ग्लैमर नहीं, एक तरह का अनुशासन है : रकुल प्रीत



बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह पॉजीटिव सोच और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चाओं में बनी रहती हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके बताया कि कैसे योग उन्हें भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से संतुलित रखने में मदद करता है। उन्होंने सेल्फकेयर का सही मतलब भी समझाया और इस बात पर जोर दिया कि यह हमेशा ग्लैमरस नहीं होता, यह एक तरह का अनुशासन है, जिसमें थोड़ी सी सहजता भी शामिल है।

रकुल ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह हेड स्टैंड करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम अक्सर सेल्फ-लव और सेल्फ-केयर जैसे शब्द सुनते हैं, लेकिन इनका असली मतलब क्या है? सेल्फ-केयर हमेशा ग्लैमरस नहीं होता, बल्कि यह एक तरह का अनुशासन है। मेरे लिए, यह भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने के लिए एकमात्र सहारा है।

अभिनेत्री अक्सर इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करती रहती हैं। इससे पहले उन्होंने विश्व योग दिवस के मौके पर पति जैकी भगनानी के साथ योग करते हुए कुछ वीडियो और तस्वीरें पोस्ट की थीं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री रोमांटिक कॉमेडी दे दे प्यार दे- 2 में फिर दिखाई देंगी, जो 2019 की बॉक्स ऑफिस हिट का सीक्वल है।

फिल्म में उनके साथ अजय देवगन भी अपने किरदार आशीष मेहरा को दोहराएंगे। निर्देशक अंशुल शर्मा द्वारा निर्देशित इस सीक्वल में तब्बू, जिमी शेरगिल, आलोक नाथ और इनायत सूद जैसे जाने-पहचाने चेहरे वापस आ रहे हैं। इसके अलावा, तमन्ना भाटिया और प्रकाश राज विशेष कैमियो भूमिकाओं में नजर आएंगे। दे दे प्यार दे 2 14 नवंबर को रिलीज होगी। (आरएनएस)

# जन्नत गर्ल अपनी खूबसूरत अदाओं से बरपा रही कहर



बॉलीवुड जगत एक रंगीन दुनिया का रंगीन ख्वाब है, यहां पर कई अभिनेत्रियां और अभिनेता डेब्यू करते नजर आते है, लेकिन कुछ ही कलाकार रातों रात उपलब्धि पा लेते है।

आज हम बात कर रहे हैं जन्नत गर्ल की, जी हां बॉलीवुड मूवी जन्नत में अभिनय करके अभिनेत्री सोनम चौहान जन्नत गर्ल के नाम से पॉपुलर हुई थी। भले ही आज सोनम चौहान की अपकमिंग मूवीज के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनका जलवा बरकरार है। जी हां सोनम चौहान अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी हॉट फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती है। जिन्हे उनके फैंस वीडियोज और फोटोज पर लाइक और कमेंट करते नजर आते है। आपको बता दें कि पहली मूवी करते ही सोनम चौहान नेशनल क्रश बन गई थी और जन्नत गर्ल के नाम से पॉपुलर हुई। बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस सोनल चौहान ने वर्ष 2008 में आई इमरान हाशमी की मूवी जन्नत से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

अभिनेत्री अपनी डेब्यू मूवी से ही रातों रात स्टार बन गई थीं। अभिनेता इमरान हाशमी स्टारर जन्नत रिलीज होने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। इस मूवी के बाद सोनल चौहान को जन्नत गर्ल का टैग मिल गया था। उन्होंने बॉलीवुड के अलावा साउथ मूवीज में भी काम किया है। गत माह आईपीएल मैच का लुत्फ उठाते जन्नत गर्ल की कई फोटोज वायरल हुई थीं। फिलहाल उनकी अपकमिंग मूवीज के बारे में कोई जानकारी नहीं है। आज भले ही सोनल मूवीज में कम नजर आती हो, लेकिन वो सोशल मीडिया पर खासा सक्रिय रहती हैं और फैंस संग अपनी फोटोज और वीडियो शेयर करती नजर आती है। (आरएनएस)

# आदिवासी ही नहीं, गैर-आदिवासियों के दिलों पर भी दिशोम गुरु ने राज किया

अरविंद कुमार सिंह

देश के शीर्ष आदिवासी नेता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के समकालीन नेताओं में कई ऐसे हैं, जिन्होंने बहुत लंबी सत्ता का इतिहास बनाया और बहुत सी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन शिबू सोरेन के निधन के बाद दिल्ली और झारखंड में जो नजारा दिखा है, उसने साबित किया कि आदिवासी ही नहीं, गैर- आदिवासियों के दिलों पर भी उन्होंने राज किया।

बचपन से लेकर आखिरी सांस तक उनके राजनीतिक जीवन का बड़ा हिस्सा संघर्ष में ही बीता पर उन्होंने जल-जंगल-जमीन की जंग में जितनी लंबी लकीर खींची है, वहां तक पहुंच पाना बहुत कठिन है।

दिशोम गुरु के नाम से विख्यात शिबू सोरेन फिलहाल रामगढ़ के अपने पैतृक नेमरा की मिट्टी में विलीन हो गए पर उन्होंने आदिवासी संघर्ष में ऊंचा मुकाम हासिल कर लिया है, उनकी अंतिम यात्रा में यह साफ दिखा। झारखंड की धरती महान नायक बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, वीर बुधू भगत और सिदो-कानू जैसे नायकों की श्रेणी में आजादी के बाद के उनके कामों को भी शामिल करेगी। बहुत कंटीले रास्ते पर धारा के खिलाफ शिबू सोरेन का जो सफर आरंभ हुआ था, उसका समापन संतोष भरा था क्योंकि उन्होंने जिन विचारों पर अपनी राजनीति आरंभ की थी वह उनके जीवनकाल में बहुत विस्तारित हुई और उनकी अगली पीढ़ी ने उनकी विरासत को बखूबी संभाल लिया है।

झारखंड को अलग राज्य बनाने में शिबू सोरेन के योगदान को तो सभी मानते ही हैं पर आदिवासी समुदाय में प्राकृतिक संपदा को बचाने और कुरीतियों के खिलाफ उन्होंने जो संघर्ष किया, वह बेमिसाल है। मैदानी इलाकों की तुलना में साधनविहीन इलाकों में राजनीति करना कठिन काम है पर वहीं काम करते हुए वे जंगल के महान नायक और गुरु जी के नाम से विख्यात हुए। महाजनी प्रथा और नशे के खिलाफ आदिवासियों तथा कमजोर तबकों के बीच उन्होंने जो संघर्ष किया वह भावी पीढ़ियों के लिए मिसाल रहेगा। झामुमो नेता हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री उनके ही बनाई संघर्षों की जमीन पर बने हुए हैं।

शिबू सोरेन के बचपन में ही पिता की हत्या हो गई तो मैट्रिकुलेशन तक ही उनकी शिक्षा हो सकी। लेकिन बचपन से ही वे गरीबों पर अत्याचार, अन्याय, नशाबंदी और महाजनी सिस्टम के खिलाफ मैदान में उतरे और लंबा संघर्ष करते हुए प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीति में अलग जगह बनाई। तीन बार वे झारखंड के मुख्यमंत्री बने लेकिन बहुत सीमित कालखंड के लिए। तीन बार केंद्र में मंत्री भी रहे। संसद के दोनों सदनों में रहे।

मुखिया पद पर हार से उनकी राजनीति शुरू हुई और मुख्यमंत्री रहते हुए भी वे चुनाव हार गए तो राजनीतिक विरोधियों ने बहुत तंज कसा था। लेकिन उनकी राजनीति खत्म नहीं हुई। आखिरी सांस ली तो वे उच्च सदन के सदस्य थे। राष्ट्रीय स्तर की हैसियत बनाने के बाद भी उनके भीतर का गांव कायम रहा। तीन दशक से मैंने उनको करीब से देखा और निजी तौर पर भी उनसे पहचान रही। वे अपने मूल विचारों पर हमेशा कायम रहे। राजनीतिक समझौते भी किए तो उसकी परिधि में आदिवासियों की भलाई शामिल थी।

बेशक, ऐसे नायकों के बारे में मीडिया एक अलग पूर्वाग्रह रखता है। इसीलिए शिबू सोरेन के जीते जी उनका उचित मूल्यांकन नहीं हुआ पर समाज को जगाने वाले नायक के रूप में उनकी अमिट पहचान इतिहास में दर्ज होगी। कम लोगों को पता है कि उन्होंने आदिवासी समाज की शिक्षा-दीक्षा से लेकर कुरीतियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। रात्रि पाठशाला चलाने के साथ उन्होंने शराब से लेकर कई कुरीतियों के खिलाफ अलख जगाने का काम किया। इस चेतना का जागरण भी किया कि बगैर अलग राज्य बने आदिवासियों का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकेगा। इसीलिए इसके साथ भले ही छत्तीसगढ़ या उत्तराखंड राज्य बन गया हो लेकिन किसी राज्य के लिए लंबे संघर्ष का इतिहास केवल झारखंड का रहा है।

1973 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना के बाद आदिवासियों का संघर्ष राष्ट्रीय क्षितिज तक दिखा और अन्य प्रांतों के लिए प्रेरक भी बना। झारखंड खनिज संपदा में देश का सबसे संपन्न राज्य है। भारत के स्वाधीनता आंदोलन में भी यह अग्रणी रहा था और एक दौर तक यहां कांग्रेस का वर्चस्व रहा। खुद शिबू सोरेन के पिताजी भी कांग्रेस से जुड़े थे। 1940 में रामगढ़ में कांग्रेस अधिवेशन मौलाना आजाद की अध्यक्षता में हुआ था जिसमें झारखंड की धरती पर महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और ताना भगत समेत तमाम नायक शामिल हुए थे और यहीं से भारत छोड़ो' आंदोलन के विचार की भी नींव पड़ी थी।

इसके चार साल बाद शिबू सोरेन का जन्म हुआ जब देश आजाद होने के कगार पर खड़ा था। झामुमो का संघर्ष और जागरूकता भी एक वजह है जिस कारण झारखंड अपने जल-जंगल-जमीन के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेज कर रखने में सफल रहा।15 नवम्बर, 2000 को नया राज्य बनने के बाद यह शिबू सोरेन के कारण हर सरकार के एजेंडे का हिस्सा रहा। बेशक, भारत के कुल क्षेत्रफल का 2.4 फीसद हिस्सा झारखंड के पास है, और देश की आबादी का 2.7 फीसद पर, आकार में झारखंड पेरू जितना बड़ा है। पेरू दुनिया का 40वां सबसे बड़ा देश है। प्राकृतिक और भूगर्भ संसाधनों से भरपूर झारखंड में ही देश का सबसे बड़ा कोयला और लौह अयस्क भंडार है पर खनन से विस्थापन नियति बना हुआ है। नक्सलवाद कम होने के बाद भी चुनौती बरकरार है। राज्य की करीब 66.85 फीसद आबादी खेती पर आश्रित है लेकिन खेती चुनौतियों से भरी है।

राष्ट्रीय दलों की अपनी अलग सोच और बाध्यताएं होती हैं, जबकि क्षेत्रीय दलों का एक सीमित दायरे में लक्षित समूह होता है। इसलिए झारखंड में शिबू सोरेन की रचना झामुमो नये विचारों के साथ जल-जंगल-जमीन को एजेंडे में रख कर आगे भी चलेगा। उसका नया नेतृत्व संचार और सूचना क्रांति से भी लैस है पर शिबू सोरेन को आदिवासी नेतृत्व ऐसे नायक के रूप में हमेशा याद रखेगा जिनके पार संघर्ष की बड़ी थाती थी। इसलिए सोहनलाल द्विवेदी की ये पंक्तियां उनके ऊपर फिट बैठती हैं-

अचल रहा जो अपने पथ पर लाख मुसीबत आने में

मिली सफलता जग में उसको, जीने में मर जाने में

(लेख में विचार निजी हैं)

## सू- दोकू क्र.58

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# महादेव के भक्त बने टॉलीवुड प्रिंस महेश बाबू , नवंबर में होगा धमाका

टॉलीवुड सुपरस्टार महेश बाबू आज 50 साल के हो गए हैं। अपने बर्थडे के मौके पर महेशू बाबू ने अपने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। महेश बाबू फिल्म गुंटूर कारम के बाद से बाहुबली और आरआरआर जैसी विराट फिल्म देने वाले डायरेक्टर राजामौली के साथ फिल्म एसएसएमबी29 में बिजी हैं और अपने बर्थडे के मौके पर फिल्म से बड़ा एक्साइटिंग अपडेट शेयर किया है। महेश बाबू और राजमौली ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म से महेश बाबू का बिना चेहरे वाला एक प्री-लुक टीजर पोस्टर जारी किया है और साथ ही बताया है कि फिल्म पर ऑफिशियल स्टेटमेंट और पोस्टर आगामी नवंबर 2025 में जारी किया जाएगा।

पहले बात करते हैं राजामौली के पोस्ट की, जिसमें उन्होंने एक नोट भी साझा किया है। राजामौली ने अपने पोस्ट में लिखा है, विश्व और भारत में डियर सिनेमा लवर्स और महेश बाबू के फैंस, काफी समय हो गया है, शूटिंग शुरू किए और हम आपकी उत्सुकता का दिल से प्रशंसा करते हैं, इस फिल्म की स्टोरी और स्कोप बड़ा है, मुझे लगता है कि केवल तस्वीरें या प्रेस कॉन्फ्रेंस से न्याय नहीं हो सकता, जिस दुनिया को हम बना रहे हैं हम उसके मर्म, गहराई और उत्तर्जन पर काम कर रहे हैं, जिसका खुलासा नवंबर 2025 में होगा, ऐसा जैसा कि आपने कभी पहले नहीं देखा होगा, आप सभी के धैर्य के लिए धन्यवाद ग्लोबट्रॉटर

इस पोस्ट के साथ राजामौली ने महेश बाबू का बिना चेहरे वाला प्री-लुक टीजर पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में महेश बाबू शिव के भक्त नजर आ रहे हैं, क्योंकि उनके गले में जो मोतियों की माला हैं, उसमें महादेव का त्रिपुंड, त्रिशूल, डमरू, नंदी बैल और रुद्राक्ष लटका नजर आ रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि महेश बाबू महादेव के भक्त बनते नजर आएंगे और यह एक माइथोलॉजी फिल्म भी हो सकती है।

महेश बाबू ने फिल्म से अपना पोस्टर शेयर कर लिखा है, आप सभी के प्यार के लिए शुक्रिया ग्लोबट्रॉटर महेश बाबू के इस पोस्ट को ढाई लाख से ज्यादा फैंस ने लाइक कर लिया है और कई सेलेब्स के भी लाइक आए हैं। इस पोस्ट के साथ ग्लोबल ट्रोटर भी लिखा हुआ है, जोकि फिल्म का टाइटल माना जा रहा है। अब इस पोस्ट के बाद महेश बाबू की फैंस की बैचेनी और भी ज्यादा बढ़ गई है।

फिल्म के बारे में बता दें, इसमें प्रियंका चोपड़ा, आर। माधवन और पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग साल 2026 में खत्म होने की आशा है। राजामौली आरआरआर के बाद से इस फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं।

# टैरिफ वॉर का दांव



अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ वॉर का दांव चल कर दुनिया के तमाम देशों को निशाने पर ले रहे हैं। भारत पर पच्चीस फीसद टैरिफ लगाने का फैसला पहले ही सुना चुके हैं। ट्रंप ने भारत के रूस से तेल खरीदने को वॉर मशीन की मदद करने सरीखा बताया है। भारत ने तत्काल इसे तर्कहीन बताया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका भी रूस से परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम, हेक्साफ्लोराइड और इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन आयात करता है।

कड़े प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिका ने तकरीबन साढ़े तीन अरब डॉलर का रूसी गुड्स ट्रेड किया है। भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया कि वैश्विक बाजार को स्थिर करने के लिए अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीदते रहने को प्रोत्साहित किया गया था। मोदी को मित्र बता कर गलबहियां करने वाले ट्रंप के बदलते तेवर कूटनीतिक रूप से हताशा भरे माने जा सकते हैं। उन्होंने भारत को अच्छा व्यापारिक साझेदार न बता कर संदेह को भी बढ़ाने का काम किया है।

रूस से सिर्फ तेल खरीद ही असल मुद्दा नहीं है। अमेरिका को भारत का रूसी सैन्य उपकरण लेना भी अखरता रहा है। अमेरिका के दबदबे को घुड़की देकर भारत ने वैश्विक समुदाय के समक्ष पश्चिमी देशों की पाखंड वाली नीति पर प्रश्न चिह्न लगाने में भी गुरेज नहीं किया। यूक्रेन में रूस के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर कर रहे गुटों की बात की जाए या व्यापार की तो इसकी किसी पारदर्शी योजना का अब तक खुलासा नहीं हुआ है।

साल के अंत में रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा संभावित है। तब भी अमेरिका अपनी आक्रामकता पर काबू करने में विफल रहने वाला है। खुद को शांति दूत के तौर पर पेश करने की ट्रंप की तमाम कोशिशों को दुनिया भली-भांति देख रही है। भारत न सिर्फ विशाल बाजार है, बल्कि उसे अन्य मुल्कों के साथ साझेदारी/व्यापार करने से रोक पाना आसान नहीं है। उसे अपनी बढ़ती अर्थव्यस्था की गति को स्थिर रखने और घरेलू दबावों के चलते अपने रुख पर कायम रहना होगा।

ट्रंप की भभकी का असर अधिक इसलिए भी नहीं रह जाता क्योंकि वे अस्थिर व्यक्ति हैं। उनके बयानों/विचारों में ढुलमुलाहट के चलते घबराने की तनिक आवश्यकता नहीं है। (आरएनएस)

# सरकार विपक्ष के मुद्दों को नहीं लेती गम्भीरता सेः शर्मा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस महानगर के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष के जनहित के मुद्दो को गम्भीरता से नहीं लेती है।

आज यहां भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए पुतला दहन प्रदर्शन के संबंध में कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि सरकार ने विपक्ष के उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया। शर्मा ने स्पष्ट किया विपक्ष यदि विधान सभा में कानून, व्यवस्था और जनहित से जुड़े सवाल उठाने की मांग कर रहा था, तो सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके बजाय उन्होंने चर्चा से भागने के लिए सत्र को डेढ दिन में समाप्त कर दिया। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और विधान सभा की गरिमा के खिलाफ है। विपक्ष केवल जनता के वास्तविक मुद्दों को उठाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन सरकार की ओर से इसे नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को जनता की समस्याओं और सुरक्षा के मुद्दों को गंभीरता से लेना चाहिए और इसे राजनीतिक नाटक का हिस्सा नहीं बनाना चाहिए।

# तीन दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने तीन स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिस्सरवाला निवासी राहुल गुप्ता ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं ऋषिकेश अद्वेतानंद मार्ग निवासी सजय छाबडा ने अपनी मोटरसाईकिल सेल टैक्स आफिस वाली गली से चोरी होने का मुकदमा ऋषिकेश कोतवाली में दर्ज कराया। इसके साथ ही किमाडी रोड निवासी राजकुमारी ने कोतवाली में कुमार स्वीट के पास पार्किग से अपनी स्कूटी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तीनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगे दो लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। बेटों को नौकरी लगाने के नाम पर महिला से दो लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार काठ बंगला निवासी सविता ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि उनके पडोस में पंजाबी बाग दिल्ली निवासी अंकित रह रहा था। अंकित ने उसको बताया कि उसकी काफी पहचान है तथा वह उसके बेटों की नौकरी लगवा देगा। जिसके लिए कुछ खर्च लगेगा। उसकी बातों में आकर उसने अपने बेटों की नौकरी के लिए अंकित को दो लाख रूपये दे दिये। जिसके बाद ना तो उसके बेटों की नौकरी लगी और ना ही अंकित ने उसको उसके पैसे वापस किये। जिसके बाद उसको पता चला कि अंकित ने उसके साथ धोखाधडी कर रूपये ठग लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पेयजल निगम के भण्डार शाखा में चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने पेयजल निगम के भण्डार शाखा से सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिशासी अभियंता उत्तराखण्ड पेयजल निगम गम्भीर चौहान ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उनके भण्डार शाखा के रोशनदान की जाली काटकर वहां से भण्डार में घुसकर सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने एम्स रोड पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमता हुआ देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 41 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम सम्राठ यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी बीस बीघा बताया। वहीं ऋषिकेश पुलिस ने पुराने रेलवे स्टेशन के पास से एक को 46 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम ऋषिपाल जाटव पुत्र चरण सिंह जाटव निवासी नई जाटव बस्ती बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अधिकारियों ठेकेदारों के गठजोड़ ने लूट लिया प्रदेश कोः मोर्चा



संवाददाता

देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि अधिकारियों व ठेकेदारों की गठजोड ने प्रदेश को लूट लिया है।

आज यहां जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने प्रमुख सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम से मुलाकात कर पछवादून क्षेत्र की बेहद महत्वपूर्ण शक्ति नहर के बार-बार घटिया निर्माण मरम्मत की वजह से क्षतिग्रस्त होने की जांच एवं कई-कई वर्षो से एक ही जगह जमे अधिकारियों को अन्यत्र स्थानांतरित करने तथा यूपीसीएल में एसएचजी के माध्यम से कायोजित लाइन मैनों के भविष्य को सुरक्षित रखने एवं इनको सुख सुविधाओं से लैस किए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा। जिस पर प्रमुख सचिव ने एमडी, यूजेविएनएल एवं एमडी, यूपीसीएल को कार्रवाई की निर्देश दिए। नेगी ने कहा कि इस नहर पर इस एक डेढ़ वर्ष में दो बार मरम्मत के नाम पर लाखों करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन कुछ ही समय में पैनल दोबारा टूट कर नहर में समा गये। पूर्व में मरम्मत के नाम पर मिलीभगत कर घटिया कार्य कराए गए, जिसमें मोटी कमीशन डकार ली गई ताकि दोबारा फिर उसी कार्य को करने के टेंडर मिलते रहें। शक्ति नहर पर बनी तीन परियोजनाएं ढालीपुर, ढकरानी और कुल्हाल विद्युत उत्पादन करती है। इन तीनों पावर हाउसों को जलापूर्ति करने वाली शक्ति नहर, राज्य के विद्युत उत्पादन की रीढ़ मानी जाती है। मगर बार-बार इसके क्षतिग्रस्त होने से न केवल विद्युत उत्पादन ठप हो जाता है, बल्कि करोड़ों की जनता की गाढ़ी कमाई पानी में बह जाती है। इसके साथ-साथ मोर्चा ने प्रदेश भर में यूपीसीएल के अंतर्गत विद्युत उपखंडों में तैनात लाइनमैनों जोकि एसएचजी (स्वयं सहायता समूह प्राइवेट ठेकेदार) के माध्यम से स्पॉन्सर कार्योजित किए गए हैं। हर वक्त यानी 24 घंटे जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करने में लगे रहते हैं। रात को न जाने कब लाइन ट्रांसफार्मर में विद्युत फॉल्ट आ जाए उस समय भी तैयार रहना पड़ता है वो भी अपना पेट्रोल फूंक कर लेकिन आज इन लाइनमैनों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

आलम यह है कि इतना जोखिम भरा काम करने की एवज में सरकार ठेकेदारों के माध्यम से सिर्फ 14 15 हजार रुपए देकर इनका एक तरह से शोषण कर रही है। कई श्रमिक विद्युत चपेट में आकर अपनी जान गवा चुके हैं। सरकार को चाहिए कि इन लाइनमैनों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कोई ठोस कदम उठाये एसएचजी के बजाए सरकारी संविदा के माध्यम से इनको कार्योजित किया तथा कोई दुर्घटना, अनहोनी होने पर इनको भारी भरकम बीमा लाभ दिलाया जाना चाहिए।

# चमोली आपदाः जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा



संवाददाता

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की देखरेख में जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा रहा।

आज यहां जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से जानकारी ली। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं तथा हरमनी के पास मार्ग सुचारु कर दिया गया है। भारी बारिश को देखते हुए आज थराली, देवाल व नारायणबगड़ विकासखंड के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें। जिलाधिकारी संदीप तिवारी आपदा स्थल का निरीक्षण किया तथा राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की।

# एनसीसी कैडट्स के लिए प्री थल सेना शिविर द्वितीय का आयोजन



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के तत्वाधान में फोनिक्स विश्वविद्यालय इमली खेड़ा हरिद्वार में दस दिवसेय प्री थल सेना शिविर द्वितीय का आयोजन किया जा रहा है। 22 अगस्त से संचालित इस कैंप में हरिद्वार जिले के विभिन्न स्कूल और उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जनपदों से आये 563 एनसीसी कैडेट्स तथा 8 सहयोगी एनसीसी अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। दिन रात चलने वाले इस शिविर में सभी एनसीसी कैडेट्स को विशेष रूप से शस्त्र चलाना, मैप रीडिंग, दूरी का अनुमान लगाना, फील्ड सिग्नल इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

आज सभी कैडेट्स का कैंप आगमन पर बायोमेट्रिक पंजीकरण किया गया। प्रशिक्षण उपरांत चयनित कैडेट्स 31 अगस्त 2025 से दिल्ली कैंट में होने वाले प्रतिष्ठित थल सेना कैंप के लिए प्रस्थान करेंगे।

इस अवसर पर कैंप कमांडेंट ले. कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लिए इस शिविर के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय परिसर उपलब्ध कराने पर संस्था के चेयरमैन चैरब जैन को धन्यवाद प्रेषित किया व कैम्प का सुव्ययवस्थित आयोजन कराने हेतु विश्व विद्यालय केयर टेकर विक्रांत कुमार का भी धन्यवाद किया। डिप्टी कैंप कमांडेंट कैप्टन सुशील कुमार आर्य, एकाउंट ऑफिसर संतोष भट्ट, कैप्टन अश्वनी कुमार, कैप्टन विशाल कुमार, लेफ्टिनेंट रमा भट्ट, सहित कई लोगो द्वारा कैडेट्स की ट्रेनिंग का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# थराली आपदा पर सीएम धामी ने दुःख जताया





संवाददाता

देहरादून। थराली में आयी आपदा पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद व्यक्त करते हुए पुलिस व जिला प्रशासन को राहत व बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध मी ने चमोली जनपद के थराली क्षेत्र में देर रात बादल फटने के कारण मलबे में दबने से एक युवती के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना पर उनके सुरक्षित व सकुशल होने की कामना की है। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस, आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गई हैं।



## ●जनप्रतिनिधियों को राहत व बचाव में जिला प्रशासन की सहायता के दिये निर्देश

बता दें कि थराली तहसील क्षेत्र के टूनरी गदेरे में शुक्रवार देर रात बादल फटने से थराली बाजार और आसपास के क्षेत्र में भारी मलबा आ गया। मलबे की चपेट में आने से एसडीएम आवास सहित कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। दुकानों में मलबा भर गया। कई वाहन भी मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही राहत और बचाव कार्य के लिए डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच चुकी है।

वहीं एसडीआरएफ और एनडीआरफ की टीम आपदा क्षेत्र के लिए रवाना हो गई है। कर्णप्रयाग ग्वालदम सड़क को भारी बारिश के चलते कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसे सुचारू करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के जनप्रतिनिधि यों से टेलीफोन पर वार्ता कर बादल फटने से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने आपदा पर गहरा दुःख जताते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से राहत और बचाव कार्यों में जिला प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है। इसके साथ उन्होंने स्थानीय विधायक से वार्ता कर उनसे मौके पर रहकर राहत एवं बचाव कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने की अपेक्षी की है।

# चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून।। पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली डोईवाला पर राहुल गुप्ता निवासी मिस्सरवाला थाना डोईवाला देहरादून द्वारा अपनी मोटरसाईकिल मिस्सरवाला डोईवाला स्थित उनके घर के बाहर से चोरी करने के संबंध में प्रार्थना पत्रा दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना के खुलासे हेतु एसएसपी अजय सिंह के निर्देशों पर प्रभारी निरीक्षक डोईवाला द्वारा कोतवाली डोईवाला पर टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान लच्छीवाला फ्लाईओवर के पास से घटना में शामिल ओमप्रकाश उर्फ भोन्दा पुत्र गणेशीलाल निवासी केशवपुरी बस्ती कोतवाली डोईवाला को घटना में चोरी की गई मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। ओमप्रकाश उर्फ भोन्दा पूर्व में भी चोरी की घटनाओ में जेल जा चुका है। जिसके विरुद्ध कोतवाली डोईवाला पर चोरी तथा अन्य आपराधिक घटनाओं के कई मुकदमें दर्ज है। नशा करने का आदी है तथा अपने नशे की पूर्ति के लिए ही उसके द्वारा चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया गया था।



# फांसी लगाकर दी जान

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार के एक गांव में नाई का काम करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खानपुर क्षेत्र के गांव रूहालकी में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के एक 17 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। मृतक अंशुल कुमार पुत्र मदन लाल, निवासी रूहालकी नाई का काम करता था। घटना की पुष्टि करते हुए गोवर्धनपुर चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक समीप पांडे ने बताया कि गांव रूहालकी से एक युवक द्वारा फांसी लगाने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों व अन्य लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जाएगी।




# हत्या के आरोप में फरार 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दीपक रावत हत्याकांड में फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड में मृतक की प्रेमिका व उसके साथी को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## ❑हत्या में शामिल प्रेमिका व उसका साथी पूर्व में हो चुका है गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल द्वारा कोतवाली गंगनहर क्षेत्रांतर्गत दीपक रावत हत्याकांड में फरार आरोपी सोनू पुत्र शंकर निवासी ग्राम व थाना विष्णुगढ़ जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इस हत्याकांड में मृतक की प्रेमिका सहित 2 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

फरार ईनामी आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस कई राज्यों में दबिश दे रही थी। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने देर रात भागीरथी रेगुलेटर पुल थाना मुरादनगर पुलिस कमिश्नर गेट गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# पंचायत बैठक में मारपीट से हड़कंप

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पंचायत बैठक के दौरान अचानक ग्रामीण व प्रधान के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनो पक्षों में मारपीट होने लगी। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान ग्राम प्रधान का भतीजा भी घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार लक्सर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कुनारी में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक उस समय रणक्षेत्र में बदल गई जब ग्राम प्रधान इस्तखार अहमद और गांव के ही युवक इस्लाम उर्फ छोटू के बीच कहासुनी मारपीट तक जा पहुँची। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात-घूंसे चलने लगे। विवाद के दौरान ग्राम प्रधान का भतीजा भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत कार्यालय में पंचायत सदस्यों और ग्राम विकास अधि कारी के साथ विकास कार्यों व उच्च पेंशन योजना पर समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इस बीच कुछ ग्रामीण भी बैठक में पहुंच गए। प्रधान ने स्पष्ट किया कि यह बैठक केवल पंचायत सदस्यों के लिए है। इसी दौरान युवक इस्लाम उर्फ छोटू ने आपत्ति जताई और तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। तनाव इतना बढ़ा कि प्रधान को बैठक स्थगित करनी पड़ी, लेकिन बाहर निकलते ही कहासुनी मारपीट में बदल गई। ग्राम प्रधान इस्तखार अहमद ने आरोप लगाया कि युवक ने बैठक के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डाली और पंचायत का रजिस्टर फेंक दिया। उन्होंने कहा कि यह युवक आए दिन सरकारी काम में अड़चन डालता है और बदसलूकी करता है। जिसकी पुष्टि ग्राम पंचायत सचिव खेम सिंह नेगी ने भी की है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं इस्लाम उर्फ छोटू ने ग्राम प्रधान पर ही मारपीट का आरोप लगाते हुए सुल्तानपुर पुलिस चौकी में तहरीर दी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। युवक की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है, जबकि प्रधान या पंचायत सचिव की ओर से अब तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*